# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
## क्षेत्रीय केंद्र , जोधपुर

क्रमांक : एफ/वमखुवि/क्षेकेजो/2025/212-213 दिनांक : 21-04-25

## कार्यालय आदेश

**प्रवेश सत्र जुलाई 2024 में कंप्यूटर बी.ए. / बी.एस.सी. (सी.एस./आई.टी.) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी.सी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के अनिवार्य प्रायोगिक परामर्श शिविर**

प्रवेश सत्र जुलाई 2024 में कंप्यूटर बी.ए. / बी.एस.सी. (सी.एस./आई.टी.) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष, बी.सी.ए. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेशित विद्यार्थी के अनिवार्य प्रायोगिक परामर्श शिविर एवं कार्यक्रम की निर्धारित अवधि में आने वाले पूर्व वर्षों के डिफाल्टर विद्यार्थी जिन्होंने परीक्षा सत्र दिसम्बर 2024 के लिए डिफाल्टर फॉर्म भरा है, को सूचित किया जाता है कि वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के क्षेत्रीय केंद्र, जोधपुर पर निम्नांकित समय सारणी के अनुसार अनिवार्य 20 दिवसीय प्रायोगिक परामर्श शिविर निम्नानुसार आयोजित किया जा रहा है। प्रायोगिक परीक्षा की सुचना शिविर के दौरान दे दी जावेगी।

| प्रोग्राम का नाम | दिनांक | प्रारंभ होने का समय | केंद्र |
|---|---|---|---|
| BA/BSC-I | 28-04-2025 से प्रारंभ | 9:00 A.M. | आदर्श महाविद्यालय, पाल चौपासनी लिंक रोड, चौखा बाय-पास, लहरिया रिसोर्ट के पास, जोधपुर |
| BCA-I | | | |
| BA/BSC-II | | 12:00 P.M. | |
| BCA-II | | | |
| BA/BSC-III | | 3:00 P.M. | |
| BCA-III | | | |

1. विवरणिका के अनुसार प्रायोगिक संपर्क शिविर में 75% उपस्थिति अनिवार्य है। उनमें परीक्षार्थी की उपस्थिति पूर्ण नहीं होने पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा परीक्षा परिणाम अपूर्ण रहेगा। इसकी पूर्ण जिम्मेवारी विद्यार्थी की होगी।
2. संपर्क शिविर में सम्मिलित होने के लिए आने जाने, ठहरने एवं भोजन इत्यादि की व्यवस्था परीक्षार्थी को स्वयं करनी होगी। सभी विद्यार्थी अपनी पानी की बोतल एवं पुस्तकें साथ लावें।
3. राजकीय / गैर राजकीय सेवारत विद्यार्थी आवश्यकतानुसार अवकाश स्वीकृति उपरांत ही संपर्क शिविर में उपस्थित हों। इसकी पूर्ण जिम्मेवारी विद्यार्थी की होगी।
4. परीक्षार्थी को संपर्क शिविर के दौरान अपना आधार कार्ड अथवा कोई भी फोटो युक्त सरकारी पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
5. क्षेत्रीय केंद्र, जोधपुर से अन्य क्षेत्रीय केंद्र पर प्रायोगिक संपर्क शिविर का शहर परिवर्तन करवाने की कोई भी प्राार्थना स्वीकार नहीं की जायेगी।

**संपर्क सूत्र :** 9414024834, rcjdr@vmou.ac.in

निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ :-

1. निदेशक, क्षेत्रीय सेवा प्रभाग, वमखुवि, कोटा।
2. परीक्षा नियंत्रक, व.म.खु.वि., कोटा।
3. नियंत्रक वित्त, व.म.खु.वि, कोटा।
4. विषय संयोजक, व.म.खु.वि., कोटा।
5. समन्वयक संपर्क शिविर केंद्र,क्षेत्रीय केंद्र, जोधपुर।
6. प्रभारी, ई.एम.पी.सी. को लेख है उक्त आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवावें।
7. बिल लिपिक, क्षे.के.जोधपुर, व.म.खु.वि., कोटा।

सहायक कुलसचिव